

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य आंदोलनकारियों ने केंद्र सरकार से की जांच की मांग

**संवाददाता** देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों ने एम्स ऋषिकेश में नियुक्ति का विरोध करते हुए केंद्र सरकार से जांच की मांग की है। उत्तराखंड आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी और जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने बयान जारी कर कहा कि एम्स प्रबंधन की मनमानी को लेकर पूर्व में भी आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन और तत्कालीन निदेशक का घेराव किया था। महासचिव रामलाल खंडूड़ी ने कहा कि स्थानीय को रोजगार देने के बजाय अन्य राज्यों से गार्ड से लेकर नर्स आदि पदों पर नियुक्ति की गई। केंद्र सरकार को इस मामले में शीघ्र जांच करनी चाहिए।

### जल्द तैयार होगी जीआरपी की पुलिस लाइन और फैमिली क्वार्टर

**संवाददाता** ऋषिकेश। डीआइजी रेलवे पुलिस पी रेणुका देवी ने योग नगरी ऋषिकेश और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने ऋषिकेश में प्रस्तावित जीआरपी की आवासीय भूमि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीआरपी की पुलिस लाइन जल्द तैयार होगी। डीआइजी जीआरपी पी रेणुका देवी और पुलिस अधीक्षक जीआरपी अर्पण यदुवंशी निरीक्षण के लिए ऋषिकेश पहुंचे।

### मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी को भेजा नोटिस, अप्रैल तक देना होगा जवाब

**संवाददाता** देहरादून। तीन व्यक्तियों ने हर्रावाला के एक व्यक्ति के दस्तावेज के सहारे शराब की दुकान आवंटित करा ली। पता लगने पर जब व्यक्ति ने विरोध किया तो लाभ में हिस्सा देने की बात कही, लेकिन वह भी नहीं दिया। उल्टा लाखों के राजस्व का देयता बना दिया। व्यक्ति का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अब मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया गया है।

### आतंकवादी संगठन घोषित हो जमीयत–उलमा–ए–हिंद

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती ने केंद्र सरकार से जमीयत उलमा–ए–हिंद को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है। हरिद्वार में हरकी पैड़ी क्षेत्र के सर्वानंद घाट पर जित्तेंद्र नारायण सिंह त्यागी की रिहाई के इंतजार में उनका तप तीसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में महामंडलेश्वर स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती महाराज और स्वामी अमृतानंद महाराज ने अहमदाबाद बम धमाकों में कोर्ट के निर्णय की भी सराहना की।

# एमआरआइ जांच का इंतजार होने वाला है अब खत्म

**राहत**

- दून अस्पताल में सोमवार से होने लगेगी एमआरआइ, दो साल से बंद थी जांच
- पूर्व में अस्पताल में हर दिन करीब 20–25 एमआरआइ होती थी

**संवाददाता**

देहरादून। दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में एमआरआइ जांच का इंतजार अब खत्म होने वाला है। मशीन का ट्रायल पूरा हो चुका है और मरीजों की जांच सोमवार से शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय में एमआरआइ जांच दो साल से बंद है। पुरानी मशीन खराब होने के बाद से अस्पताल प्रशासन नई मशीन की खरीद में लगा था, जिसमें खासा वक्त लग गया। जिस कारण मरीजों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी। खासकर, विभिन्न हादसों और हड्डी रोग, न्यूरो संबंधी मरीजों को निजी केंद्रों पर कई गुना दाम पर जांच करानी पड़ रही है। निजी केंद्रों पर एमआरआइ आठ से दस हजार रुपये में



होती है, जबकि दून अस्पताल में साढ़े तीन हजार रुपये में। पूर्व में अस्पताल में हर दिन करीब 20–25 एमआरआइ होती थी। आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को निःशुल्क जांच की सुविधा मिलती है।

एमआरआइ प्रभारी महेंद्र भंडारी ने बताया कि एमआरआइ मशीन का ट्रायल पूरा हो चुका है। अब मरीजों की जांच की जा सकेगी। मशीन लग जाने से निम्न व निम्न मध्य वर्ग को सहूलियत होती। उन्हें निजी लैब में नहीं जाना पड़ेगा।

**भ्रूण हत्या रोकने को किया जागरूकः** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने एएनएम ट्रेनिंग सेंटर रानीपोखरी में एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में एएनएम का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बेटी बचाओ अभियान तथा भ्रूण हत्या रोकने को जागरूक किया गया।

आयोजित कार्यशाला में बेटी बचाओ और भ्रूण हत्या रोकने विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर भाषण, कविता पाठ व गीत के माध्यम से भी बेटी बचाओ का संदेश दिया।

इस दौरान जिला नोडल अधिकारी डा. वंदना सेमवाल, डा. प्रियंका सिंह, जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी ममता बहुगुणा, एएनएम ट्रेनिंग सेंटर रानीपोखरी की ट्यूटर इंचार्ज उषा रावत, दीपा गुलाटी, दीपक कनौजिया, वंदना, ममता, नूतन आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला आइईसी समन्वयक पूजन नेगी ने किया।

## लक्ष्मण झूला थाना पुलिस ने पकड़ी 120 लीटर कच्ची शराब

ऋषिकेश। जनपद पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत लक्ष्मण झूला थाने की पुलिस ने चीला चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को रोका। मौके से मोटरसाइकिल सवार दो लोग फरार हो गए। पुलिस ने बैग के भीतर रखी 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। शनिवार की दोपहर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र चन्द्र रमोला के नेतृत्व में लक्ष्मणझूला पुलिस पिडकुल टावर बैंड चौकी चीला के पास वाहनों की जांच कर रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस बीच एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल जिसमें दो व्यक्ति सवार थे, जो पुलिस को देखकर भाग गये। वाहन में 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी।

इस मामले को लेकर आज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना लक्ष्मणझूला पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है। जनपद में अपराधों की रोकथाम, नशे की प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थो का क्रय–विक्रय करने वालों के विरूद्ध अभियान लगातार जारी है।

# एम्स ऋषिकेश भ्रष्टाचार का बन गया अड्डा

**प्रदर्शन**

- एम्स प्रशासन के खिलाफ यूकेडी ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में विभिन्न पदों पर भर्तियों में अनियमितता और करोड़ों रुपये के उपकरणों की खरीद में घोटाले का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्त्ताओं ने एम्स के बाहर प्रदर्शन कर सांकेतिक रूप से धरना दिया।

हाल ही में एम्स ऋषिकेश में सीबीआइ की टीम ने छापा मारकर विभिन्न विभागों की जांच की थी। यहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज सीबीआइ की टीम ने बरामद किए थे। इसके बाद से एम्स ऋषिकेश प्रशासन पर विभिन्न पदों की नियुक्तियों में अनियमितता व उपकरणों की खरीद में घोटाले के आरोप लगने तेज हो गए हैं। शनिवार को इस मामले में एम्स के बाहर प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि सीबीआइ की जांच से एम्स प्रशासन पर लगे आरोप पुष्ट हो जाते हैं। एम्स ऋषिकेश भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। न्यायालय और भारत सरकार की आरक्षण से संबंधित गाइडलाइन का यहां खुला उल्लंघन हो रहा है। नर्सिंग आफिसर ही नहीं बल्कि अन्य पदों पर भी नियुक्तियां संदेह के घेरे में है। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तराखंड में भाजपा शासनकाल में यहां सर्वाधिक अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने बीते तीन वर्षों में यहां तैनात रहे निदेशक के कार्यकाल की जांच की मांग करते हुए कहा कि सरकार के मंत्रियों और सांसदों का एम्स ऋषिकेश एशगाह बनकर रह गया है। यहां आने वाले मरीजों को बेड खाली होने के बावजूद भी बहाने बनाकर बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। जहां भ्रष्टाचार और को प्रबंधन पूरी तरह से हावी है। प्रदर्शन करने वालों में उपेंद्र सकलानी, केंद्रीय सचिव केंद्रपाल तोपपाल, रविंद्र सेमवाल, राकेश तोपवाल, प्रदीप बिष्ट, अनिल कालूड़ा, आसाराम नौटियाल, अरविंद बिष्ट आदि शामिल थे।

**नियुक्तियों को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए**

उक्रांद के जिलाध्यक्ष संजय डोभाल, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मोहन सिंह असवाल ने कहा कि एम्स में बड़े अधिकारियों ने अपने खास लोग और रिश्तेदारों को विभिन्न पदों पर नियुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि इस तरह अपात्र व्यक्तियों की नियुक्तियों को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। उत्तराखंड वासियों को यहां रोजगार में 70 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए।

## दून और हरिद्वार में छात्रावास की जल्द मिल सकेगी सुविधा

**संवाददाता** देहरादून। कामकाजी महिलाओं को राजधानी देहरादून और हरिद्वार में छात्रावास की सुविधा जल्द मिल सकेगी। कोरोनाकाल के चलते यह छात्रावास कोविड केयर सेंटर के रूप में संचालित हो रहे थे। महिलाओं को रियायती दरों पर छात्रावास की सुविधा मिल सके इसके लिए महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग एनजीओ के माध्यम से इन छात्रावासों को संचालित करने जा रहा है, जिसके लिए जल्द ही आवेदन की प्रकिया भी शुरू हो जाएगी। देहरादून और हरिद्वार में वीरांगना तीलू रौतेली महिला छात्रावास बनाए गए हैं।

देहरादून के सर्वे चौक पर 192 बेड, जबकि हरिद्वार में 196 बेड का छात्रावास है। वर्ष 2020 में कोरोना की पहली लहर के कारण मार्च से छात्रावास कोविड केयर सेंटर के रूप में संचालित किए जा रहे थे, लेकिन अब कोरोना की रफ्तार कम होने के बाद इन्हें एक बार फिर से संचालित करने का कार्य किया जा रहा है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।